बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
उर्दू निदेशालय

अधिसूचना

सं०–उ०नि०–191 / 2023–118 / **पटना, दिनांक–07.05.2026**

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 एवं 636, दिनांक–10.01.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में दिनांक–20.04.2026 को आहूत बैठक में विभागीय स्क्रीनिंग / प्रोन्नति समिति के अनुशंसा के आलोक में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत "बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग" के निम्नलिखित वरीय उर्दू अनुवादक को अनुवाद पदाधिकारी (उर्दू) के पद का विहित वेतनमान (वेतन स्तर–09) सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया जाता है। विवरणी निम्नवत् है :–

क्र० सं०	वरीयता क्रमांक	कर्मी का नाम / पदनाम	जन्म तिथि / सेवानिवृत्ति की तिथि	पदस्थापन स्थान
1	2	3	4	5
1.	01 व०उ०अनु०	**श्री वासिफ जमाल,** वरीय उर्दू अनुवादक	12.12.1971 31.12.2031	वित्त विभाग, बिहार, पटना (प्रति०–अनुमंडल कार्यालय, जयनगर, मधुबनी)
2.	02 व०उ०अनु०	**श्री मो० कामरान सलाउद्दीन,** वरीय उर्दू अनुवादक	05.11.1967 30.11.2027	अनुमंडल कार्यालय, नीमचक बथानी, गया
3.	03 व०उ०अनु०	**श्री एस० माजिद हुसैन,** वरीय उर्दू अनुवादक	02.02.1968 29.02.2028	अनुमंडल कार्यालय, चकिया, पू० चम्पारण

2. यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 एवं 636, दिनांक–10.01.2024 में निहित शर्तों के अधीन है।

3. उपर्युक्त कर्मी द्वारा वर्तमान में धारित पद को अगले आदेश तक अनुवाद पदाधिकारी (उर्दू) के विहित वेतनमान (वेतन स्तर–09) में उत्क्रमित किया जाता है।

4. उपर्युक्त कर्मी को पदभार ग्रहण करने की तिथि से अनुवाद पदाधिकारी (उर्दू) के पद पर अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ देय होगा।

ह० / –
(एस०एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक।

ज्ञाप संख्या :–उ०नि०–191 / 2023–919 / **पटना, दिनांक–07.05.2026**

प्रतिलिपि :– संबंधित कर्मियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कार्यवाह सहायक (स्थापना) / लेखा प्रशाखा / बजट प्रशाखा, उर्दू निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रबंधक आई०टी०, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

प्रतिलिपि :– अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर, मधुबनी / नीमचक बथानी, गया / चकिया, पू० चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, ज़िला उर्दू भाषा कोषांग / स्थापना उप समाहर्त्ता, समाहरणालय, मधुबनी / गया / पू० चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/5/26

(एस०एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक।